» न्यूज कैप्सूल »

## आज की युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य है- धनप्रकाश तिवारी

**गुरसरांय ( झांसी )।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर खैर इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य है। उन्होंने कहा युवा शक्ति ही वह इंजन है जो किसी भी देश को विकास की ऊंचाइयों पर ले जाती है। जब युवा अपने करियर में आत्मनिर्भर होते हैं,तो वे अर्थव्यवस्था को गति देते हैं और जब वे सामाजिक कार्यों में जागरूक होते हैं,तो वे एक सशक्त राष्ट्र की नींव रखते हैं।

## सट्टे की खाईबाजी करते पकड़े गए तीन आरोपी



**मऊरानीपुर ( झांसी )।** क्षेत्राधिकारी पुलिस रत्नेश्वर सिंह ने क्षेत्र में सट्टा का काला कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। क्षेत्राधिकारी पुलिस के निर्देश पर थाना कटेरा पुलिस ने सट्टे की खाईबाजी करते और ऑनलाइन सट्टा खिलाने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

थाना कटेरा की पुलिस ने मोबाईल फोन पर सट्टे की खाईबाजी करते राजेश यादव एवं मधु यादव निवासी ग्राम कंडोंर व सतेंद्र यादव निवासी ग्राम बिजना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी एक लाख दस हजार रुपए का ऑन लाइन सट्टा खिलाते पकड़े गए। आरोपियों के विरूद्ध थाना कटेरा में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## पीले चावल देकर व्यापारियों व श्रद्धालुओं को दिया रथयात्रा का निमंत्रण

**झांसी।** महानगर में भगवान जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा के आयोजन को लेकर बुधवार को श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर सेवा समिति ने शहर के प्रमुख बाजारों में श्रद्धालुओं और व्यापारियों को पारंपरिक रूप से पीले चावल देकर रथयात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इस दौरान गांधीगर का टपरा, सराफा बाजार, नरिया बाजार, पुरानी पसरट सहित विभिन्न बाजारों में समिति के पदाधिकारियों ने जनसंपर्क कर लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रथयात्रा में शामिल होने की अपील की। पूरे मार्ग में 卐जय जगन्नाथ卐 के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

समाजसेवी पंडित पीयूष रावत ने बताया कि ब्रह्म पुराण, स्कंद पुराण और नारद पुराण सहित अनेक धर्मग्रंथों में भगवान जगन्नाथ की महिमा तथा रथयात्रा का विशेष महत्व बताया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया के अवसर पर गुरुवार 16 जुलाई को गोला कुआं स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा के दिव्य विग्रहों के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि रथयात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा आयोजन को भव्य एवं व्यवस्थित बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

इस अवसर पर संजय नौराई, मनमोहन गेडा, महेंद्र भंडारी, पंडित पीयूष रावत, आलोक सैंडेलिया, अशोक अग्रवाल (पीएनबी), रवीश त्रिपाठी, दुर्गा उत्सव महासमिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम स्वामी, महामंत्री विनोद अवस्थी, सराफा बाजार व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, जयदीप खरे, प्रभात शर्मा, विक्रांत सेठ बंटी, सत्येंद्र पुरी गोस्वामी, अभिषेक साहू, आलोक वर्मा, अतुल मिश्रा, विनोद हियारण सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में शिवा नौराई ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## एबीवीपी के वृहद रक्तदान शिविर में युवाओं ने किया उत्साहपूर्वक रक्तदान

**ललितपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा समाज सेवा और मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को ललितपुर में वृहद स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की मदद का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि सदर क्षेत्राधिकारी अजय कुमार ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन कर कहा कि रक्तदान महादान है। किसी जरूरतमंद को समय पर मिला रक्त उसके लिए नया जीवन साबित हो सकता है। अभाविप विभाग प्रमुख डा.दीपक कुमार पाठक ने कहा कि अभाविप केवल छात्र हितों के लिए ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए भी निरंतर कार्य करती है। रक्तदान जैसे सेवा कार्य युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करते हैं। प्रांत एसएफडी प्रमुख डा.राजीव निरंजन ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट (एसएफडी) आयाम पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता, रक्तदान और अन्य सेवा गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य कर रहा है।

# ग्राम प्रधान द्वारा दी गई चैक में धनराशि बड़ा कर प्रधानाध्यापक द्वारा सरकारी धन का गबन करने का आरोप

### ग्राम प्रधान ने मुख्यमंत्री समेत उच्चाधिकारियों से की कानूनी कार्यवाही की मांग

**मऊरानीपुर ( झांसी )।** मऊरानीपुर तहसील के ग्राम बोंडा की प्रधान द्वारा गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर चैक में छेड़छाड़ कर चैक में धनराशि बढ़ाकर सरकारी धन का गबन करने का आरोप लगाया है। ग्राम प्रधान ने पुलिस कप्तान से लेकर मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में मामले की रिपोर्ट दर्ज करा कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

धोखाधड़ी कर सरकारी धन का गबन करने का सनसनीखेज मामला झांसी के मऊरानीपुर तहसील अंतर्गत बंगरा ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बौड़ा का है, जहां मिड-डे मील निधि में कथित गड़बड़ी का आरोप ग्राम प्रधान द्वारा लगाया गया है।

ग्राम प्रधान बोंडा सीमा सिंह ने पुलिस कप्तान समेत अन्य उच्चाधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि विद्यालय के इंचार्ज पूर्व प्रधानाध्यापक गोविन्ददास आर्य ने मध्यान्ह भोजन योजना के भुगतान के लिए 15 हजार रुपये का चेक हस्ताक्षर के लिए भेजा था। प्रधान ने चेक पर हस्ताक्षर कर दिए और उसकी एक प्रति



अपने पास सुरक्षित रख ली।

प्रधान ने शिकायती पत्र में बताया कि बाद में उसने जब बैंक स्टेटमेंट निकलवाया गया तो मालूम हुआ कि उसी चेक के जरिए 15 हजार की जगह 2 लाख 15 हजार रुपये का भुगतान हो चुका था। ग्राम प्रधान ने आरोप लगाया कि है चेक में कथित तौर पर छेड़छाड़ कर राशि बढ़ाई गई और सरकारी धन का गबन किया गया।

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि जब प्रधान ने इंचार्ज प्रधानाध्यापक से इस बारे में जानकारी मांगी तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला और प्रधान कौनकथित रूप से धमकी भी दी गई।

ग्राम प्रधान ने मुख्यमंत्री, अपर मुख्य सचिव शिक्षा, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों को शिकायत भेजकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने , मामले की एफआईआर दर्ज कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## गरौठा क्षेत्र अंतर्गत कमलों से सजी लखेरी नदी-रेवन का मनमोहक नजारा







### हर तरफ गुलाबी-सफेद कमल, प्रकृति का अद्भुत रूप देख लोग खिंचे चले आ रहे

### बुंदेलखंड की खूबसूरती सोशल मीडिया पर वायरल

रेवन मानसून के बाद बुंदेलखंड की लखेरी नदी इन दिनों कमलों से पूरी तरह पटी नदी रेवन क्षेत्र से गुजरने वाली इस नदी का दृश्य किसी स्वर्ग से कम नहीं लग रहा।

नदी के पानी में दूर-दूर तक हरे पत्तों के बीच गुलाबी और सफेद कमल की चादर में फूल खिले हुए हैं। सुबह की धूप में कमल की पंखुड़ियां चमकती हैं तो शाम को शांत पानी में उनका प्रतिबिंब देखने लायक होता है।

### सोशल मीडिया पर छाया वीडियो

लखेरी नदी के इस खूबसूरत नजारे का वीडिया सोशल मीडिया पर तेजी से फोटो वीडियो वायरल हो रहा है

### यह है बुंदेलखंड की खूबसूरती का नजारा

स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल बरसात के बाद लखेरी में कमल खिलते हैं, लेकिन इस बार पानी और मौसम के कारण फूलों की संख्या ज्यादा है।

### पर्यटन की संभावना

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि लखेरी नदी के इस प्राकृतिक सौंदर्य को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। इससे क्षेत्र में रोजगार भी बढ़ेगा और बुंदेलखंड की पहचान और मजबूत होगी।

## कलश यात्रा के साथ संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा सप्ताह यज्ञ शुभारम्भ



**गरौठा।** गरौठा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मछलीकाछ में धार्मिक माहौल के बीच संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा सप्ताह यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।

झांसी जनपद की गरौठा तहसील के ग्राम मछलीकाछ में संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा सप्ताह यज्ञ का शुभारंभ विधि-विधान के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से हुई, जिसमें महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर गांव के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा निकाली। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारे लगाए, जिससे पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। आज कथा व्यास ने भगवान कृष्ण की आरती एवं प्रथम दिवस की कथा में जड़ चेतन, भागवत कथा का महत्व, अति आनंद उमग अनुरागा । चरण सरोज पखारन लागा।

### रामायण प्रसंग से अवगत कराया

इस धार्मिक आयोजन के परीक्षित महेश निषाद हैं, जबकि कथा का वाचन वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास रोहित कृष्ण शास्त्री द्वारा किया जाएगा। आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न कराया जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीमद भागवत कथा का श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## पुलिस ने योजनाओं की दी जानकारी



**गुरसरांय ( झांसी )।** थाना गुरसरांय पुलिस द्वारा मिशन शक्ति टीम से वरिष्ठ उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह भदोरिया,महिला आरक्षी मानसी,महिला आरक्षी अंशी गौर,महिला आरक्षी नीलम,महिला आरक्षी कोमल व कांस्टेबल गौरव शुक्ला द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को स्वाबलंबन एवं सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं विधवा पेंशन,सुमंगला योजना बाल कल्याण योजनाओं,बाल मजदूरी न कराने आदि के बारे में व विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर,1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध,108 एंबुलेंस सेवा,112 पुलिस आपातकालीन सेवा, डिजिटल अरेस्ट,साइबर फ्रॉड,फ्रॉड कॉल,अनचाहे लिंक आदि व नो हेलमेट नो फ्यूल आदि की जानकारी दी गई व साइबर अपराधों के बारे में जागरूक किया गया व पंपलेट वितरित किए गए।

## भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड समझौते के विरोध में बुन्देलखण्ड किसान यूनियन ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**मऊरानीपुर ( झाँसी )।** बुन्देलखण्ड किसान यूनियन (अराज.) एवं देश बचाओ मोर्चा के बैनर तले किसानों ने भारत-अमेरिका प्रस्तावित मुक्त व्यापार (फ्री ट्रेड) समझौते का विरोध करते हुए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संगठन ने इस समझौते को देश के किसानों, खेत मजदूरों, पशुपालकों, छोटे व्यापारियों, लघु उद्योगों तथा देश की खाद्य एवं आर्थिक संप्रभुता के लिए गंभीर खतरा बताया।



ज्ञापन में कहा गया कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड समझौते से भारतीय कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और करोड़ों लोगों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। संगठन का आरोप है कि यह समझौता किसानों के हितों के विरुद्ध है और इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

संगठन ने केंद्र सरकार से मांग की कि प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए तथा किसानों और आम जनता के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। साथ ही किसानों का संपूर्ण कृषि ऋण माफ करने और किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ाकर ?5,000 प्रतिमाह किए जाने की भी मांग उठाई गई।

बुन्देलखण्ड किसान यूनियन (अराज.) के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार साहू ने कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है, तो देश बचाओ मोर्चा लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से देशव्यापी जनआंदोलन चलाने के लिए बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## महादेव मंदिर के पास वाटर कूलर का हुआ शुभारंभ



### नगर वासी एवं आने जाने वाले लोगों को मिलेगा ठंडा पानी: खरका

**मऊरानीपुर।** नगर पंचायत के तत्वाधान में वार्ड नंबर एक में सुखनई नदी किनारे बने शिव मंदिर के पास एक वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम के शुभारंभ पर नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि अयोध्या प्रसाद खरका ने विधिवत मंदिर एवं वाटर कूलर का पूजन कर एवं फीता काटकर शुभारंभ किया। चेयरमैन प्रतिनिधि अयोध्या प्रसाद खरका ने बताया कि यहां महादेव आदि के मंदिर हैं। आगे श्री जान राय महाराज का मंदिर बना है इसके अलावा बाईपास सडक होने से चौबीसों घंटे यहां से लोगों की आवाजाही बनी रहती है। तथा इस सड़क से मध्य प्रदेश की तरफ जाने वाले लोगों का आगमन बना रहता है। मगर पीने के पानी की सुविधा न होने के कारण लोगों को परेशान होना पड़ता था। जनमानस की समस्या को देखते हुए नगर पंचायत द्वारा यहां वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। वाटर कूलर लग जाने से अब यहां से आने-जाने वालों को शीतल एवं शुद्ध पीने का पानी चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगा। उन्होंने यह भी बताया कि नगर में संतोषी माता मंदिर चौराहा, सिद्ध पीठ बड़ी माता मंदिर, पार्क के पास लोगों की सुविधा के लिए पहले भी वाटर कूलर की व्यवस्था की गई है। यहां पार्षद आशीष राय, पार्षद रामकुमार बामौरया, पूर्व पार्षद ओमप्रकाश मऊटा, हरिश्चंद्र खरका, मुन्ना शाह, धर्मेंद्र वर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## रामाधार सिंह अध्यक्ष एवं विश्वनाथ सिंह महासचिव निर्वाचित



### सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए

**मऊरानीपुर ( झांसी )।** दी एडवोकेट्स वेलफेयर बार ऐसोसिएशन के पदाधिकारियों का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से हो गया। संगठन के पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। कचहरी परिसर में हुये चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता रामाधार सिंह यादव अध्यक्ष, विश्वनाथ सिंह सेंगर महासचिव, मणिकांत नायक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जगदीश अग्रवाल और श्यामसुंदर पाठक कनिष्ठ उपाध्यक्ष , मेहरवान सिंह कोषाध्यक्ष, श्यामानंद दीक्षित लेखा परीक्षक, संयुक्त सचिव प्रशासन हरिओम प्रकाश त्रिपाठी, संयुक्त पुस्तकालय सचिव गजेंद्र सिंह चौहान चुने गए। इसके अलावा पूजा कौशिक , दीनदयाल, उत्तम सिंह, विनय श्रीवास , आलोक खरे कार्यकारणी सदस्य निर्वाचित हुए। चुनाव समिति में रघुवीर सिंह परिहार, गजेंद्र सिंह, उदय मिश्रा एवं निवर्तमान अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह शामिल रहे।

## » न्यूज कैप्सूल »

### मंडी परिसर में युवक पर लाठी-डंडों से हमला, सिर फूटा

**ललितपुर।** मंडी परिसर में दिनदहाड़े एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। हमले में युवक के सिर में गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान हो गया। घटना के बाद बीच-बचाव के लिए लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद एवं कुछ अज्ञात आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। लेडिया आजादपुरा निवासी मनोज रजक पुत्र कम्मोदी ने बताया कि 13 जुलाई की शाम करीब चार बजे वह किसी कार्य से मंडी परिसर गए थे। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद नेहरू नगर निवासी नीरज रायकवार पुत्र प्रभु रायकवार, राज रायकवार, सेवनी निवासी मनोहर रजक ने अपने साथियों के साथ उसे घेर लिया और बिना किसी बात के गालियां दीं। विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घायल मनोज रजक ने कोतवाली पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तीन नामजद एवं अन्य अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। घायल का चिकित्सीय परीक्षण भी कराया गया है।

### मड़ावरा में घर में घुसकर दो महिलाओं से मारपीट

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा क्षेत्र के ग्राम साढ़ूमल में घर में घुसकर दो महिलाओं के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि चार लोग एक राय होकर पीड़िता के घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए दोनों महिलाओं के साथ लात-घूंसों से मारपीट कर दी। शोर सुनकर ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस को दी गई तहरीर में ग्राम साढ़ूमल पार्वती पत्नी राजेश कुशवाहा ने बताया कि 13 जुलाई की शाम करीब सात बजे वह अपने घर पर मौजूद थीं। इसी दौरान गांव के भगवानदास पुत्र पूरनलाल कुशवाहा, उसकी पत्नी प्रभा, अंशुल कुशवाहा पुत्र काशीराम तथा लक्ष्मी पत्नी काशीराम एक राय होकर उनके घर पहुंच गए। आरोप है कि घर में घुसते ही चारों आरोपियों ने अभद्र गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने पार्वती पत्नी राजेश कुशवाहा तथा घर में मौजूद पार्वती पत्नी राजकुमार कुशवाहा के साथ लात-घूंसों से मारपीट की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चारों नामजद आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली। घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है।

### मुटियानाला पुलिया पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्र में मुटियानाला पुलिया के पास तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाने के कारण हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि दूसरी बाइक पर महिला और तीन बच्चों सहित कुल पांच लोग सवार थे और चालक ने गलत दिशा से आकर सामने से जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली, जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर पूराकलां पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। ग्राम गडि?ा निवासी रेखादेवी पत्नी ओमप्रकाश ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 22 अप्रैल 2026 की शाम करीब पांच बजे उनका पुत्र रितिक तथा देवर श्रीकांत मोटरसाइकिल संख्या यूपी 94 एस 6822 से पूराकलां क्षेत्र के मजरा खिरक से अपने गांव लौट रहे थे। आरोप है कि जैसे ही वे मुटियानाला पुलिया के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही मोटरसाइकिल संख्या यू.पी. 94 के 0980 के चालक बालकिशन पुत्र चुन्नी बरार, निवासी ग्राम धमना, ने तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। न्यायालय के आदेश पर अब आरोपी चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 281, 125(ए), 125(बी) एवं 324(4)के तहत एफआईआर दर्ज की गयी है।

### विधानसभा चुनाव की तैयारियों में लापरवाही पर सख्ती

**ललितपुर।** आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। सीडीओ एवं प्रभारी अधिकारी (कार्मिक व्यवस्था) ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निर्वाचन कार्य के लिए आवश्यक कार्मिकों की जानकारी निर्धारित समय में उपलब्ध नहीं कराने वाले विभागाध्यक्षों एवं कार्यालयाध्यक्षों के विरुद्ध वेतन रोकने की कार्रवाई की जाएगी। डीआईओ, एनआईसी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय के निर्देशों के क्रम में जिले के सभी विभागाध्यक्षों एवं कार्यालयाध्यक्षों को 15 जुलाई 2026 तक विधानसभा निर्वाचन के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले कार्मिकों का विवरण निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए थे। समीक्षा के दौरान पाया गया कि प्रधानाचार्य, जिला पॉलिटेक्निक सहित कुछ अन्य विभागों द्वारा अब तक निर्धारित पोर्टल पर आवश्यक सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिससे निर्वाचन संबंधी तैयारियां प्रभावित हो सकती हैं। इस पर सीडीओ ने संबंधित विभागाध्यक्षों एवं कार्यालयाध्यक्षों को अगले दो दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से पोर्टल पर समस्त जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित अवधि में सूचना अपलोड नहीं की गई तो संबंधित अधिकारियों के वेतन रोकने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# आम रास्ता खोदकर बंद करने का आरोप

### ग्रामीणों ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

### जाखलौन क्षेत्र के नयागांव का मामला

### खेतों तक पहुंचने और बच्चों के स्कूल आने-जाने में हो रही परेशानी



**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम नयागांव में आम रास्ता अवरुद्ध किए जाने का मामला सामने आया है। गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने कुछ लोगों पर जेसीबी मशीन से रास्ते में गहरा गड्ढा और नाली खोदकर आवागमन बाधित करने का आरोप लगाते हुए थाना जाखलौन में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि रास्ता बंद होने से किसानों का खेतों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है, वहीं स्कूली बच्चों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। थाना प्रभारी जाखलौन को दिए गए प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम नयागांव के खेतों की ओर जाने वाले मुख्य रास्ते का वर्षों से गांव के लोग उपयोग करते आ रहे हैं। आरोप है कि गांव निवासी जगदीश पुत्र रगबर अहिरवार, पवन लोधी तथा नन्दकिशोर लोधी पुत्र खिलान लोधी ने जेसीबी मशीन से रास्ते पर करीब पांच फीट गहरा गड्ढा खुदवा दिया, जिससे किसानों का खेतों तक आना-जाना और कृषि कार्य के लिए ट्रैक्टर व अन्य वाहन ले जाना पूरी तरह बाधित हो गया है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि इसी मार्ग से गांव के बच्चे प्रतिदिन स्कूल जाते हैं। आरोप है कि गांव के मल्खू पाल पुत्र रतन पाल ने स्कूल जाने वाले रास्ते के बीच लगभग तीन फीट चौड़ी नाली खुदवा दी है। इससे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को रास्ता पार करने में काफी कठिनाई हो रही है तथा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार आपसी स्तर पर रास्ता खुलवाने का प्रयास किया गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। मजबूर होकर उन्होंने पुलिस से हस्तक्षेप करने और रास्ते को तत्काल बहाल कराने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों का आवागमन सुचारु हो सके। शिकायती पत्र पर मोहन, संदीप, वृंदावन, धरमू, भुजबल, दुबेश, मुन्ना, रामप्यारी, हल्कू, पूनाबाई, प्रीतम, भागवती, परशुराम, दौलत, घिघ्या, कुसुम, राधा, देवकुंवर, सुखलाल, राजपाल, सीताराम, होडू सहित अनेक ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

### कार में ले जाकर युवती से सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

**ललितपुर।** जिले में एक 19 वर्षीय युवती के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के ही दो युवकों ने अपने एक साथी के साथ मिलकर युवती को कार में बैठाकर ले गए और रास्ते में उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी युवती को ललितपुर रेलवे स्टेशन पर छोड़कर फरार हो गए तथा किसी को घटना की जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की मां की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दो नामजद और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नम आँखों से दी विदाई, 28 वर्षों की सेवाओं को मिला सम्मान

### नवनियुक्त बीईओ नीतू वर्मा का हुआ स्वागत




**महरौनी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र महरौनी की ओर से संकुल केंद्र खिरिया लटकंजू में आयोजित विदाई एवं सम्मान समारोह में विकासखंड महरौनी के खंड शिक्षा अधिकारी राजकुमार पुरोहित के वरिष्ठ प्रवक्ता, डायट झांसी पद पर पदोन्नत होने पर उन्हें भावभीनी विदाई एवं सम्मान दिया गया। वहीं विकास खंड की नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती नीतू वर्मा का आत्मीय स्वागत किया गया।

समारोह में वक्ताओं ने पुरोहित के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने एक कुशल अधिकारी के साथ-साथ अध्यापकों के बीच परिवार के मुखिया जैसा आत्मीय वातावरण बनाया। उनके पढ़ो और बढ़ो के मूल मंत्र को सभी शिक्षकों ने अपने शिक्षण जीवन में अपनाए रखने का संकल्प लिया।

खंड शिक्षा अधिकारी नीतू वर्मा ने कहा कि श्री पुरोहित का कार्यकाल अद्भुत और अविस्मरणीय रहा। उन्होंने उनके 28 वर्षों की सेवाओं को संजोने के लिए 28 साल बेमिसाल शीर्षक से एक स्मारिका प्रकाशित करने की योजना की घोषणा की, जिसमें शिक्षकों के अनुभवों को शामिल किया जाएगा। अपने संबोधन में राजकुमार पुरोहित ने कहा कि शिक्षक यदि बच्चों से आत्मीय जुड़ाव रखते हुए ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें, तो उन्हें मिलने वाला सम्मान दुनिया के सर्वोच्च सम्मानों से भी बढ़कर होता है। कार्यक्रम का संचालन राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक हृदेश देव गोस्वामी ने किया तथा अंत में संकुल प्रभारी संतोष गुप्ता ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ महरौनी के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश जैन, संतोष गुप्ता, अशोक तिवारी, मनोज शर्मा, संजीव गुप्ता, अशोक कुमार, एआरपी संजीव तिवारी, मुहम्मद शाहिद खान, शुभम जैन, अश्वनी अवस्थी, सीताराम साहू, देवेंद्र चौहान, जितेंद्र सेन, हेमंत दुबे, हरदयाल, आयुष दुबे, राजीव, जमीर खान, राजेश राजौरिया, अनिल सैनी, शिवम पांडेय, सुयश त्रिपाठी, नीरज, मीना गुप्ता, विनय मिश्रा, दूधलाल यादव, गौरव सोनी, रामरती, अनीता गोस्वामी, शाहिना परवीन, महेंद्र तिवारी एवं सनत पुरोहित सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

# वार्ड-17 की उखड़ी सड़कों की मरम्मत कराने की मांग

### पार्षद कुन्दन पाल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

### पेयजल पाइपलाइन बिछाने के बाद अधूरी छोड़ दी गईं सड़कें

**ललितपुर।** वार्ड संख्या-17 सिविल लाइन द्वितीय में पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत न होने से नाराज वार्ड पार्षद कुन्दन पाल ने बुधवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश को ज्ञापन सौंपकर तत्काल मरम्मत कराने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि जल निगम द्वारा कई स्थानों पर सड़कें खोदकर उन्हें अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे क्षेत्रवासियों और राहगीरों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में पार्षद ने बताया कि जल निगम द्वारा वार्ड में नई पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य कराया जा रहा है, लेकिन खुदाई के बाद कई स्थानों पर न तो पाइपलाइन डाली गई और न ही सड़कें पहले जैसी बनाई गईं। इससे आवागमन बाधित हो रहा है और दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। ज्ञापन में बताया गया कि स्टेशन क्षेत्र में सेवानिवृत्त शिक्षक परमानंद तिवारी के मकान के पास करीब सात माह पहले सड़क खोद दी गई थी, लेकिन आज तक वहां पाइपलाइन नहीं बिछाई गई और सड़क भी बदहाल स्थिति में पड़ी है।

### मिर्चवारा से पटसेमरा तक निकली आपदा एवं जल संरक्षण जागरूकता रैली

**ललितपुर।** शासन के निर्देश तथा जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में बुधवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं जल निगम (ग्रामीण) के संयुक्त तत्वावधान में आपदा प्रबंधन एवं जल संरक्षण को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत ग्राम मिर्चवारा से ग्राम पटसेमरा तक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व एडीएम (नमामि गंगे) संजय मिश्रा ने किया, जबकि कार्यक्रम में जल निगम (ग्रामीण) अधिशासी अभियंता आर.सी. गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, आपदा मित्र, नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवक, स्कूली बच्चे एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली के दौरान स्कूली बच्चों एवं प्रतिभागियों ने जल ही जीवन है, आपदा की करो तैयारी, हम सबकी है जिम्मेदारी जैसे जागरूकता नारों के माध्यम से लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाव और जल संरक्षण का संदेश दिया। पूरे मार्ग में ग्रामीणों को आपदा आने पर सतर्क रहने, सुरक्षित स्थानों पर जाने, अफवाहों से बचने तथा प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने की जानकारी दी गई। समापन ग्राम पटसेमरा के ग्राम सचिवालय में आपदा प्रबंधन एवं जल संरक्षण विषयक गोष्ठी आयोजित की गई। एडीएम संजय मिश्रा ने कहा कि आपदा के समय जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है।

# स्वच्छ और सतत शहर के लिए नगर पालिका में क्षमता वर्धन कार्यशाला आयोजित

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 और सीएलडीएसडब्ल्युएम मॉडल पर सुपरवाइजर एवं आईईसी टीम को दिया गया प्रशिक्षण



**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद में बुधवार को नपाध्यक्षा सोनाली जैन की अध्यक्षता में एक दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य नगर पालिका के सुपरवाइजरों एवं आईईसी टीम के सदस्यों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 तथा कम्युनिटी लेड डिसेंट्रलाइज्ड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की अवधारणा एवं उसके प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में प्रशिक्षित करना था। कार्यशाला में आईटीसी मिशन सुनहरा कल की टीम द्वारा प्रतिभागियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के नवीन नियमों, उनके व्यावहारिक उपयोग तथा स्वच्छता व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान स्रोत स्तर पर कचरे के पृथक्करण, घर-घर पृथक कचरा संग्रहण, बल्क वेस्ट जनरेटर की जिम्मेदारियों, संसाधन पुनर्प्राप्ति केन्द्र (एमआरएफ/आरआरसी) संचालन तथा जैविक एवं अजैविक अपशिष्ट के वैज्ञानिक निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि यदि कचरे का पृथक्करण उसके उत्पन्न होने के स्थान पर ही कर लिया जाए तो न केवल अपशिष्ट प्रबंधन की लागत कम होती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और संसाधनों के पुनर्चक्रण को भी बढ़ावा मिलता है। इसके साथ ही सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियों के माध्यम से जनसामान्य की भागीदारी सुनिश्चित कर स्वच्छ एवं टिकाऊ शहर के निर्माण की दिशा में कार्य करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में उक्त मॉडल को स्वच्छता प्रबंधन का प्रभावी माध्यम बताते हुए कहा गया कि समुदाय की सक्रिय भागीदारी से स्थानीय स्तर पर कचरे का बेहतर प्रबंधन संभव है। इसके लिए नगर पालिका के फील्ड स्टाफ को व्यवहारिक एवं तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की आवश्यकता है, जिससे शासन की स्वच्छता संबंधी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। नपाध्यक्ष ने कहा कि स्वच्छ और हरित ललितपुर का निर्माण तभी संभव है जब नगर पालिका कर्मियों के साथ-साथ आम नागरिक भी कचरा पृथक्करण और स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें। उन्होंने सभी कर्मचारियों से सीखे गए प्रशिक्षण को व्यवहार में लागू करने तथा लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेंद्र तिवारी, डीपीएम दीपक, आईटीसी मिशन सुनहरा कल के सहायक प्रबंधक शुभम मिश्रा तथा नगरीय समन्वयक अनूप त्रिवेदी सहित नगर पालिका के सुपरवाइजर, आईईसी टीम के सदस्य एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान संघ की जिला बैठक में किसानों के अधिकारों पर मंथन

### 9 सितंबर को होगा शक्ति प्रदर्शन

**ललितपुर।** भारतीय किसान संघ की जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह बुंदेला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी सदस्यता अभियान, किसानों की समस्याओं तथा विभिन्न आंदोलनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान किसानों के हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में अखिल एग्रो इकोनामिक रिसर्च सेंटर के केन्द्रीय अध्यक्ष एवं भारतीय किसान संघ की नीति आयोग समिति के सदस्य प्रमोद चौधरी, प्रांतीय महामंत्री कमलेश सिंह, प्रांत संगठन मंत्री कमलेश जी तथा प्रांतीय उपाध्यक्ष केहर सिंह बुंदेला ने संगठन पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि भाकिसं एक राष्ट्रभक्त किसान संगठन है, जो किसानों के हितों की रक्षा के लिए संगठनात्मक, आंदोलनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों के माध्यम से निरंतर संघर्ष कर रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 सितंबर को जिले के सभी विकास खंडों में खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) को ज्ञापन सौंपकर किसान शक्ति का प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन विस्तार को लेकर वर्ष 2027 के सदस्यता अभियान की रूपरेखा भी तय की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि 30 सितंबर को भाकिसं की महिला इकाई की संयोजक मंजू दीक्षित के नेतृत्व में अखिल भारतीय महिला सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका, उनके सम्मान, सशक्तिकरण तथा कृषि विकास में उनकी सहभागिता पर विशेष चर्चा होगी। प्रांत संगठन मंत्री कमलेश ने संगठन को अधिक मजबूत बनाने पर जोर देते हुए जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारियों से अधिक से अधिक किसानों को संगठन से जोडने् का आह्वान किया। वहीं प्रांतीय उपाध्यक्ष केहर सिंह बुंदेला ने किसानों से संबंधित बीज वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने की मांग की। बैठक में जिला मंत्री हरपाल सिंह प्रजापति, जिला प्रवक्ता नवीन जैन, जिला उपाध्यक्ष सोहनलाल विश्वकर्मा, कृपाल सिंह, कृष्णकांत, सह मंत्री विजय सिंह, जन्मेजय सिंह, राधाकांत गोस्वामी, वीरेंद्र कुमार, सोनू वीर सिंह, गजेंद्र सिंह, देशराज सिंह, रामकिशोर पंडित, महेंद्र गौतम, रामपाल सिंह यादव, हरेराम दीक्षित, हरिओम, परमानंद, अजय सिंह, सुखनंदन, बाबूलाल, रघुवीर, सुरेंद्र, सूर्य प्रताप सिंह, अनुरागेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारी तथा किसान उपस्थित रहे।

# नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने पी.एन. इंटर कॉलेज का किया औचक निरीक्षण

### शिक्षा की गुणवत्ता, छात्र उपस्थिति और विद्यालयी व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### शिक्षकों को दिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के निर्देश




**ललितपुर।** नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने नगर पालिका द्वारा संचालित पी.एन. इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, अनुशासन, स्वच्छता तथा मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नपाध्यक्ष ने विद्यालय के उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन कर शिक्षकों एवं कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति की जानकारी प्राप्त की और प्रधानाचार्य, शिक्षकों तथा अन्य स्टाफ के साथ बैठक कर छात्रांकन, नियमित अध्ययन-अध्यापन, परीक्षा परिणाम, अनुशासन एवं विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। नपाध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने शिक्षकों से पूर्ण निष्ठा, जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ शिक्षण कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं का नामांकन सुनिश्चित करने तथा उनकी नियमित उपस्थिति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। तदोपरांत ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं की साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था, अध्ययन का वातावरण तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया और जहां आवश्यकता महसूस हुई वहां संबंधित अधिकारियों को सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, प्रधानाचार्य अजय कुमार सक्सेना, सफाई निरीक्षक जितेंद्र स्वरूप तिवारी, निर्माण लिपिक दीपेंद्र कुमार, नजूल लिपिक सुधीर रावत, बद्री कुशवाहा, गैराज प्रभारी अमित कुमार सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

» न्यूज कैप्सूल »

### जीआरपी के हत्थे चढ़ा गांजा तस्कर, एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज

**झांसी।** राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) झांसी ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 3.206 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 1 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है।

जीआरपी द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार पुलिस महानिदेशक रेलवे के निर्देश एवं पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 15 जुलाई 2026 को जीआरपी झांसी टीम ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1/7 स्थित दिल्ली छोर के पास चेकिंग के दौरान संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से 3.206 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान राधे श्याम पुत्र मंगल सिंह, निवासी ग्राम चांदवाड़ी, थाना भाऊगढ़, जिला मन्दसौर (मध्य प्रदेश) के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध थाना जीआरपी झांसी में मु0अ0सं0 214/2026 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास एवं तस्करी नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक योगेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र कुमार तथा कांस्टेबल अनिल कुमार सहित अनुभागीय खुफिया टीम के अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जीआरपी अधिकारियों ने बताया कि रेलवे मार्ग से होने वाली मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### नगर निगम कर्मचारियों पर कुल्हाड़ी से हमला, सरकारी कार्य में बाधा डालने पर एफआईआर दर्ज

**झाँसी।** नगर निगम द्वारा कच्चे पुल के पास वृक्षों की छंटाई एवं कटान का कार्य कराए जाने के दौरान सरकारी कार्य में बाधा डालने और नगर निगम कर्मचारियों पर हमले का मामला सामने आया है। घटना 14 जुलाई की है, जिसमें एक व्यक्ति ने नगर निगम कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए कुल्हाड़ी से हमला करने का प्रयास किया। आरोप है कि उसने एक महिला को बुलाकर कर्मचारियों के साथ मारपीट भी कराई।

घटना की जानकारी मिलते ही नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम अधिकारियों ने तत्काल संबंधित थाने में आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराई। नगर निगम प्रशासन ने इस घटना को सरकारी कार्य में बाधा डालने और लोक सेवकों पर हमला करने का गंभीर अपराध बताया है।

नगर निगम की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यदि कोई व्यक्ति सरकारी कार्य में अवरोध उत्पन्न करता है, लोक सेवकों पर हमला करता है अथवा उन्हें उनके वैधानिक कर्तव्यों के निर्वहन से रोकने का प्रयास करता है, तो उसके विरुद्ध प्रचलित विधिक प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम ने आम नागरिकों से अपील की है कि शहर के विकास, जनहित एवं जनसुविधा से जुड़े कार्यों में सहयोग करें। साथ ही चेतावनी दी है कि भविष्य में यदि कोई भी व्यक्ति नगर निगम के अधिकारियों या कर्मचारियों के साथ अभद्रता, मारपीट अथवा किसी प्रकार का हमला करेगा या सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करेगा, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### दिव्यांगजनों की समस्याओं के समाधान की उठी मांग, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**झांसी।** बुंदेलखंड विकलांग विकास समिति, झांसी ने दिव्यांगजनों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया। समिति ने कहा कि प्रदेश के दिव्यांगजन आज भी आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक स्तर पर अनेक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। सरकार यदि उनकी प्रमुख मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेती है तो हजारों दिव्यांग परिवारों को राहत मिलेगी।

समिति के केंद्रीय अध्यक्ष मो. शायर के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि बुंदेलखंड विकलांग विकास समिति वर्ष 2004 से दिव्यांगजनों के अधिकारों, कल्याण और सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वर्तमान समय में बढ़ती महंगाई के कारण दिव्यांग पेंशन की राशि उनके जीवन-यापन के लिए पर्याप्त नहीं है, जिससे उन्हें गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में मांग की गई कि वर्तमान में दी जा रही 1000 प्रतिमाह दिव्यांग पेंशन को बढ़ाकर 5000 प्रतिमाह किया जाए, ताकि दिव्यांगजन सम्मानपूर्वक अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकें। इसके अलावा सभी दिव्यांगजनों को बिजली बिल में कम से कम 50 प्रतिशत की छूट दिए जाने की भी मांग की गई, जिससे उन पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ कम हो सके।

# यथार्थ हॉस्पिटल की अनूठी पहल: बेरोजगार युवाओं को गाय देकर बनाएंगे आत्मनिर्भर

### युवा नशे और गलत रास्ते से दूर रहे: विकास कुमार

**झाँसी।** समाज में बढ़ती बेरोजगारी और इसके कारण युवाओं में बढ़ रहे मानसिक तनाव, नशे की प्रवृत्ति तथा गलत रास्ते की ओर बढ़ते कदमों को रोकने के उद्देश्य से यथार्थ हॉस्पिटल ने एक सराहनीय पहल की शुरुआत की है। हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर विकास कुमार ने सोशल मीडिया के माध्यम से मध्य प्रदेश की निवा?ी क्षेता के युवाओं के नाम एक भावनात्मक संदेश जारी करते हुए कहा है कि जीवन में कितनी भी कठिन परिस्थितियां क्यों न आ जाएं, कभी भी नशे का सहारा न लें और न ही कोई ऐसा कदम उठाएं जिससे स्वयं या परिवार को दुख पहुंचे।

उन्होंने कहा कि आज देश का युवा प्रतिभाशाली है, लेकिन रोजगार के सीमित अवसरों के कारण अनेक युवाओं में निराशा बढ़ रही है। ऐसे समय में आवश्यकता हिम्मत हारने की नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर बनने की है। इसी सोच के साथ यथार्थ हॉस्पिटल ने बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की योजना बनाई है।

विकास कुमार ने बताया कि इस पहल के अंतर्गत चयनित बेरोजगार एवं आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को दो-दो गाय उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि वे दुग्ध उत्पादन का कार्य शुरू कर सकें। गायों के पालन-पोषण से



प्राप्त (अमृत) दूध एवं अन्य दुग्ध उत्पादों के माध्यम से युवा नियमित आय अर्जित कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकेंगे। इससे न केवल उन्हें रोजगार मिलेगा, बल्कि वे भविष्य में अपने व्यवसाय का विस्तार भी कर सकेंगे।

उन्होंने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार रही है। यदि युवाओं को गौपालन से जोड़ा जाए तो यह रोजगार का एक स्थायी और सम्मानजनक माध्यम बन सकता है। इस योजना से गौ सेवा को भी बढ़ावा मिलेगा और बेसहारा गायों के संरक्षण में सहयोग मिलेगा।

विकास कुमार ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि बेरोजगारी जीवन का अंत नहीं है। संघर्ष हर व्यक्ति के जीवन में आता है, लेकिन मेहनत, धैर्य और सकारात्मक सोच के साथ हर चुनौती पर विजय प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने युवाओं से नशे, अपराध और गलत संगति से दूर रहने का आग्रह करते हुए कहा कि यदि युवा सही दिशा में प्रयास करें तो सफलता अवश्य मिलेगी।

उन्होंने कहा कि यथार्थ हॉस्पिटल केवल स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्व का भी पूरी निष्ठा से निर्वहन कर रहा है। मानव सेवा के साथ-साथ गौ सेवा और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का यह प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

विकास कुमार ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य केवल दो गाय उपलब्ध कराना नहीं है, बल्कि ऐसे युवाओं को आत्मविश्वास देना है जो आर्थिक तंगी के कारण निराश हो चुके हैं। उनका मानना है कि यदि एक युवा आत्मनिर्भर बनता है तो उसका पूरा परिवार मजबूत होता है और समाज में सकारात्मक वातावरण तैयार होता है।

यथार्थ हॉस्पिटल की इस पहल को शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों और नागरिकों ने सराहनीय बताया है। लोगों का कहना है कि वर्तमान समय में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ युवाओं में आत्मविश्वास जगाने वाली इस प्रकार की पहल समाज के लिए प्रेरणादायी है। मानव सेवा के साथ गौ सेवा और स्वरोजगार को जोड़ने वाला यह अभियान एक नई मिसाल बन सकता है और आने वाले समय में अनेक युवाओं के जीवन में बदलाव का कारण बन सकता है।

## किसानों की शिकायतों पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं, जेई का वेतन रोका; 50 हजार किसानों से जल्द कराएं फार्मर रजिस्ट्री: सीडीओ

**झांसी।** विकास भवन सभागार में बुधवार को आयोजित किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड ने अधिकारियों को किसानों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने और शिकायतों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसान दिवस शासन की प्राथमिकता में शामिल है, इसलिए किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए।




सीडीओ ने कहा कि जनपद में अभी भी लगभग 50 हजार किसानों की फार्मर रजिस्ट्री लंबित है। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देश दिए कि अभियान चलाकर सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री शीघ्र पूरी कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराने वाले किसानों को भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, खाद वितरण और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा। समीक्षा में बताया गया कि झांसी तहसील में सबसे अधिक 16,518, गरौठा में 14,491 तथा सबसे कम टहरौली में 300 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री शेष है।

बैठक के दौरान चिरगांव विकासखंड के पहाड़ी बुजुर्ग निवासी किसान राजीव सिंह ने शिकायत की कि आकाशीय बिजली गिरने से निजी नलकूप की डीपी खराब हो गई थी। टोल फ्री नंबर 1912 पर शिकायत दर्ज कराने के बावजूद संबंधित अवर अभियंता ने ग्राम प्रधान की सील लगी शिकायत लाने की बात कही। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीडीओ ने संबंधित जेई विद्युत का वेतन तत्काल प्रभाव से बाधित करने तथा अधिशासी अभियंता को शीघ्र समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए।

किसानों ने विभिन्न सहकारी समितियों पर खाद वितरण में अनियमितता और परेशान किए जाने की शिकायत भी उठाई। इस पर सीडीओ ने सभी संबंधित समितियों की जांच कराने के आदेश दिए तथा निर्देशित किया कि उर्वरक का वितरण केवल पॉश मशीन के माध्यम से किया जाए। साथ ही जिला कृषि अधिकारी को सभी उर्वरक दुकानों पर निर्धारित मूल्य सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित कराने के निर्देश दिए, ताकि किसानों से अधिक कीमत न वसूली जा सके।

सीडीओ ने अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दें, खेती की लागत कम करने, उत्पादन बढ़ाने तथा उपज का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए प्रभावी प्रयास करें।

बैठक में किसानों को आगजनी जैसी आपात स्थितियों में तत्काल सहायता के लिए 101 (अग्निशमन सेवा) अथवा 112 (यूपी-112) पर कॉल करने की भी जानकारी दी गई।

किसान दिवस में किसान नेता महेंद्र शर्मा, कमलेश लंबरदार, राजेश कुमार बिरगुंआ, सुनील रिछारिया और सुरेंद्र पुरातिनी सहित अनेक किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं। कार्यक्रम का संचालन उप कृषि निदेशक बुद्ध देव द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी, लघु सिंचाई, उद्यान, पशुपालन, बीमा कंपनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## साइकिल यात्री सम्मानित



### 1000 कि.मी. साइकिल यात्रा पूर्ण कर लौटे श्री ज्ञान सिंह गुर्जर सम्मानित

**झांसी।** प्रेमनगर निवासी ज्ञान सिंह गुर्जर ने एक हजार किलोमीटर साइकिल यात्रा झांसी से गया बिहार तक पूर्ण की। यात्रा 11 जून को झांसी से प्रारंभ हुई आज 14/07/2026 को झांसी आगमन पर प्रेमनगर में एम.एस.राजपूत इंटर कॉलेज प्रेमनगर झांसी में उन्हें सम्मानित किया गया। इससे पूर्व यह एवरेस्ट बेस कैंप की भी साइकिल यात्रा, झांसी से नेपाल की यात्रा 2024 में कर चुके है यह समाजसेवी एवं जल ही कल तथा जल एवं सद्भाव व भाईचारे के लिए हमेशा समाज के लिए हमेशा कार्य करते हैं आज आगमन पर इनको अरुण सिंह प्रबंधक, सियारामशरण चतुर्वेदी प्रधानाचार्य, अर्जुन सिंह, रिषभ सिंह, श्याम सुंदर अवस्थी, नरेंद्र नामदेव सभासद, श्रवण तिवारी पूर्व सभासद, विश्वनाथ मिश्रा, इंद्रपाल सिंह खनूजा, कैलाश नारायण मालवीय, दीपचंद्र, ए.सलीम खान, नजाकत अली आदि ने माला पहनकर सम्मानित किया व संचालन पं.सियारामशरण चतुर्वेदी ने किया अंत में आभार आभार नरेश मिश्रा ठेकेदार ने किया।

## अग्निशमन विभाग ने सिखाए आग से बचाव के गुर, लाइव डेमो से किया जागरूक



### बुंदेलखंड सेवा मंडल के प्रशिक्षण शिविर में फायर एक्सटिंग्विशर, गैस सिलेंडर व भवन में लगी आग पर काबू पाने के बताए व्यावहारिक तरीके

**झांसी।** शहर में बढ़ती अग्निकांड की घटनाओं को देखते हुए बुंदेलखंड सेवा मंडल द्वारा श्री लक्ष्मी व्यायाम मंदिर मैदान में अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों, विद्यार्थियों और संस्थानों के प्रतिनिधियों को आग से बचाव तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं सुरक्षित कार्रवाई के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अग्निशमन अधिकारी राज बहादुर राय के नेतृत्व में अग्निशमन विभाग की टीम ने आग बुझाने का लाइव प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण के दौरान फायर एक्सटिंग्विशर के सही उपयोग, गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में बचाव, भवन में आग लगने पर सुरक्षित निकासी तथा आग में फंसे व्यक्ति एवं बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालने के व्यावहारिक तरीके विस्तार से बताए गए। विभाग की टीम ने विभिन्न प्रकार की आग पर नियंत्रण पाने की तकनीकों का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को प्रशिक्षण दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर मजिस्ट्रेट प्रमोद झा तथा विशिष्ट अतिथि रामवीर सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बुंदेलखंड सेवा मंडल के महामंत्री नरोत्तम दास अग्रवाल ने की। अतिथियों ने कहा कि आग जैसी आपात स्थितियों में केवल संसाधन ही नहीं, बल्कि सही जानकारी और समय पर लिया गया निर्णय भी जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम समाज में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

इस अवसर पर बुंदेलखंड सेवा मंडल के उपाध्यक्ष एवं महारानी लक्ष्मीबाई बाल मंदिर के अध्यक्ष संजय पटवारी, पर्यवेक्षक गजानन खानवलकर, इंटर कॉलेज के प्रबंधक प्रभात सक्सेना, बाल मंदिर की प्रबंधक श्रीमती के.के. गुप्ता, चुन्नीलाल अग्रवाल, संतोष गुप्ता, शांतनु घोष, धर्मेंद्र कुशवाहा, राजेश राय, माला मेहरोत्रा, अरविंद ओझा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, शिक्षक तथा स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार ज्ञापन सुश्री अंजना तिवारी ने किया। आयोजन के अंत में सभी प्रतिभागियों से अपील की गई कि वे अग्नि सुरक्षा के नियमों का पालन करें तथा अपने घरों, विद्यालयों और संस्थानों में अग्निशमन उपकरणों के उपयोग की जानकारी अवश्य रखें।

## पत्नी और दो मासूम बच्चों के लापता होने पर पति ने एसएसपी से लगाई गुहार, जल्द बरामदगी की मांग

**झांसी।** जनपद के बड़ागांव थाना क्षेत्र के ग्राम रनगुंवा निवासी एक युवक ने अपनी पत्नी और दो मासूम बच्चों के रहस्यमय ढंग से लापता होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) झांसी को प्रार्थना पत्र देकर शीघ्र बरामदगी की मांग की है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, ग्राम रनगुंवा निवासी राहुल राजपूत ने बताया कि उनकी पत्नी रश्मि व बच्चे रिमांश (लगभग 9 वर्ष) तथा पुत्र रिहांश (लगभग 2 वर्ष) बीते 16 मई 2026 से लापता हैं। इस संबंध में थाना बड़ागांव में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन दो माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी तीनों का कोई सुराग नहीं लग सका है।

राहुल राजपूत का आरोप है कि उनकी पत्नी का मोबाइल भी 16 मई को दोपहर करीब 2 से 3 बजे के बीच मेडिकल कॉलेज, झांसी के पास बंद हो गया था। इसके बाद से मोबाइल चालू नहीं हुआ और न ही किसी प्रकार की कोई जानकारी मिल सकी।

पीड़ित ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि पत्नी और दोनों बच्चों के लापता होने से पूरा परिवार गहरे मानसिक तनाव में है। उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द से जल्द तीनों की खोज कर सुरक्षित बरामद करने की मांग की है।

राहुल राजपूत ने प्रशासन से अपील की है कि मामले में प्रभावी कार्रवाई कर परिवार को न्याय दिलाया जाए तथा पत्नी और दोनों बच्चों का शीघ्र पता लगाया जाए।

## महापौर ने 44.61 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास

### सीएम ग्रिड्स योजना, नगरोदय योजना और 15वें वित्त आयोग के तहत सड़क, सौंदर्यीकरण और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य होंगे शुरू

**झांसी।** शहर के आधारभूत ढांचे को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में बुधवार को महापौर बिहारी लाल आर्य ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। सीएम ग्रिड्स योजना फेज-3, नगरोदय योजना एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत करीब 44.61 करोड़ रुपये की लागत से सड़क निर्माण, फुटपाथ एवं डिवाइडर सौंदर्यीकरण, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण तथा सड़क मरम्मत सहित चार महत्वपूर्ण कार्यों का शुभारंभ किया गया।




महापौर ने बीकेडी चौराहे से आयुर्वेदिक कॉलेज, फ्लाईओवर के नीचे से महिला पॉलिटेक्निक, अटल चौक (अंसल कॉलोनी) होते हुए गणेश चौराहा तक सड़क, फुटपाथ एवं साइड पटरी के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया। इस परियोजना पर 38.81 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे।

इसके अलावा हंसारी (जोन-2) में 4.14 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाएगा। वहीं पिछोर जोन-1 के अंतर्गत मेडिकल रोड स्थित पानी की टंकी से मेडिकल बाईपास पार्क तक हरित पट्टी एवं मेडिकल गेट नंबर-1 से कानपुर बाईपास तक डिवाइडर के सौंदर्यीकरण का कार्य 96.94 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा।

महापौर ने वार्ड नंबर-13 अशोक वैली में 68.61 लाख रुपये की लागत से हॉटमिक्स प्लांट द्वारा सड़क एवं साइड पटरी मरम्मत कार्य का भी शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों के पूरा होने से शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, सौंदर्यीकरण को बढ़ावा मिलेगा तथा नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त राहुल यादव, जोनल अधिकारी द्वितीय तान्या, अधिशासी अभियंता नीना सिंह, अवर अभियंता पंकज यादव, देवीलाल शर्मा, मोहित गर्ग सहित पार्षद दिनेश प्रताप सिंह, आशीष तिवारी, राजेश्वरी, प्रवीण लखेरा, रितिका गौरव तिवारी, सुशीला गोकुल दुबे, अरविंद्र झा, मयंक श्रीवास्तव, राखी परिहार, विष्णु एवं अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि., मुद्रक, प्रकाशक, श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल-462023, म.प्र. से मुद्रित एवं कैमासनपुरम, करगुंजी, मेडिकल कॉलज के पास, कानपुर रोड, झाँसी से प्रकाशित।
पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र झांसी रहेगा।) फोनः 9685229488, ई-मेलः janjanjagaran@gmail.com आर.एन.आई.नं. UPHIN 2012/47946